# V I B G Y O R   H I G H

## Semester-1 Preliminary Examination

**AY 2021-2022**

**SECOND LANGUAGE HINDI**

**Grade: X** | **Max. Marks : 40**

**Date : 30/09/2021** | **Time Allowed: 1Hour30mins**

---

**INSTRUCTIONS:**

- **All Questions are compulsory**
- ***Select the correct option for each of the following questions.***
- ***The marks intended for questions are given in brackets [ ].***

---

**Section A (20 marks)**

**Attempt all questions from this section**

**Question -1** **[10]**

अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए।

किसी आश्रम में एक ज्ञानी महात्मा रहते थे।एक दिन अपने शिष्यों को उपदेश देते हुए उन्होंने बताया प्रत्येक प्राणी में भगवान हैं। पुरुष, स्त्री पशु-पक्षी यहाँ तक कि छोटे-छोटे जीव में भी भगवान विद्यमान हैं | इसलिए किसी से भी डरना नहीं चाहिए। शिष्य बहुत प्रसन्न हुए और यह मंत्र रट लिया गया।

एक दिन महात्मा जी का शिष्य आश्रम से नगर में गया। वह अपने

ध्यान में मस्त चला जा रहा था; उधर से एक पागल हाथी दौड़ा आ रहा था। उस पर बैठा महावत चिल्ला रहा था,"भागो! भागो! हाथी पागल हो गया है और मेरे अंकुश में नहीं रहा, इसलिए अपने प्राणों को बचाओ और भाग जाओ।"

लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे परन्तु वह शिष्य नहीं भागा।

उसने सोचा कि गुरुजी का अचूक मंत्र मेरे पास है। मुझमें भी भगवान हैं और इस हाथी में भी भगवान है, तो फिर भगवान को भगवान से क्या डर हो सकता है? वह डटा रहा।

महावत ने पुन:चेतावनी दी, "हाथी पागल है,बचो!"

परन्तु वह शिष्य हाथी के सामने अकड़कर खड़ा हो गया। हाथी बेचारे को क्या पता था कि यह नया-नया ज्ञान सीखकर आया है। उसने उसे अपनी सूँड से लपेटकर दूर फेंक दिया। शिष्य की कई हड्डियाँ टूट गईं। महात्मा जी आए और शिष्य को आश्रम में ले गए।

गुरुजी ने पूछा, "हे शिष्य! क्या बात हुई?"वह बोला,"एक पागल हाथी भागा जा रहा था, मैं उससे बिल्कुल नहीं डरा, क्योंकि आपका मंत्र मेरे पास था परन्तु उस मूर्ख हाथी ने मुझे पूरे वेग से पकड़कर परे फेंक दिया। आपके आदेशानुसार मैंने उसे भी भगवान का ही रूप समझा, परन्तु आपके भगवान ने मेरी हड्डियाँ तोड़ दीं। आपका आदेश मिथ्या है।

गुरु जी सहजभाव से बोले, "क्या उस हाथी पर कोई सवार था?"शिष्य ने बताया, "उस पर एक महावत बैठा था,जो कह रहा था कि हाथी पागल हो गया है, अपने-आपको बचाओ।"गुरुजी बोले, "पगले! तुम्हें महावत में विराजमान भगवान की बात पहले सुननी चाहिए थी,क्योंकि उसका

भगवान हाथी के भगवान से अधिक जागृत था। तुम विवेक शून्य होकर मेरे ही शब्दों को ही पकड़ पाए हो, परन्तु उसमें निहित रहस्य को नहीं समझ पाए।"

शिष्य को अब यह रहस्य समझ में आया कि जिस प्राणी की चेतना अधिक जागृत होती है, उसी का भगवान अर्थात ब्रहमा जागरूक होता है। इसलिए इंसान को शब्द नहीं बल्कि उसमें छिपे रहस्य को समझना चाहिए और अक्ल से काम लेना चाहिए।

**प्रश्न :-**

**(i) शिष्य के न भागने का क्या दुष्परिणाम हुआ?** [1]

(A) हाथी ने उसे अपने पैरों के नीचे कुचल दिया |

(B) हाथी ने उसे अपनी सूँड से लपेटकर दूर फेंक दिया।

(C) हाथी शिष्य को रौंदता हुआ भागता गया।

(D) इनमें से कोई सही नहीं है |

**(ii) ज्ञानी महात्मा कहाँ रहते थे?** [1]

(A) ज्ञानी महात्मा एक आश्रम में रहते थे।

(B) ज्ञानी महात्मा एक नगर में रहते थे।

(C) ज्ञानी महात्मा एक कुटिया में रहते थे।

(D) ज्ञानी महात्मा एक गाँव में रहते थे।

**(iii) हाथी पर बैठा महावत क्या चिल्ला रहा था?** [1]

(A) हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था जिससे कोई उसकी जान बचा ले |

(B) हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था! "हाथी पागल नहीं है पर मेरे अंकुश में नहीं रहा, इसलिए अपने प्राणों को बचाओ और भाग जाओ।"

(C) हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था था,"भागो! भागो! हाथी पागल हो

गया है और मेरे अंकुश में नहीं रहा, इसलिए अपने प्राणों को बचाओ और भाग जाओ|"

(D) हाथी पर बैठा महावत खुशी के कारण चिल्ला रहा था |

**(iv) महावत की चेतावनी के बाद भी शिष्य क्यों नहीं भागा?** [1]

(A) शिष्य ने सोचा कि गुरुजी का अचूक मंत्र मेरे पास है।

(B) शिष्य ने सोचा कि उसकी ताकत हाथी से कई गुना अधिक है

(C) शिष्य एक घंमड़ी इंसान था |

(D) महावत की चेतावनी देनाा उसे पसंद नहीं आया |

**(v) इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है?** [1]

(A) इंसान को रहस्य नहीं बल्कि उसमें छिपे बात को समझना चाहिए और अक्ल से काम लेना चाहिए।

(B) इंसान को शब्द और उसमें छिपे रहस्य को समझना चाहिए और अक्ल से काम लेना चाहिए।

(C) इंसान को शब्द नहीं बल्कि उसमें छिपे रहस्य को समझना चाहिए और अक्ल से काम लेना चाहिए।

(D) इंसान को बात में छिपे रहस्य को समझने की तरफ़ सोचना नहीं चाहिए और अक्ल से काम लेना चाहिए।

**(vi)) सारी घटना जानने के बाद गुरुजी ने शिष्य को क्या कहा ?** [1]

(A) सारी घटना जानने के बाद गुरुजी ने शिष्य को कहा कि "तुम्हें महावत में विराजमान भगवान की बात पहले सुननी चाहिए थी,क्योंकि उसका भगवान हाथी के भगवान से अधिक जागृत था।"

(B) सारी घटना जानने के बाद गुरुजी ने शिष्य को कहा कि "तुम्हें हाथी के सामने से हट जाना चाहिए था |"

(C) सारी घटना जानने के बाद गुरुजी ने शिष्य को कहा कि तुम मेरे शिष्य बनने के लायक नहीं हो |

(D) सारी घटना जानने के बाद गुरुजी ने शिष्य को कहा कि तुम्हें अपनी करनी की सजा मिली है |

**(vii) ) हाथी से घायल होने की घटना शिष्य के साथ कहाँ हुई ?** [1]

(A) एक गाँव में

(B) एक आश्रम में

(C) एक नगर में

(D) एक वन में

**(viii) ज्ञानी महात्मा का उपदेश सुनकर शिष्यों को क्या लगा ?** [1]

(A) ज्ञानी महात्मा का उपदेश सुनकर शिष्य अप्रसन्न हो गए |

(B) ज्ञानी महात्मा का उपदेश सुनकर शिष्य अड़चन में पड़ गए|

(C) ज्ञानी महात्मा का उपदेश सुनकर शिष्य खुश हो गए |

(D) ज्ञानी महात्मा का उपदेश सुनकर शिष्य निडर हो गए |

**(ix) गुरू व हाथी का समानार्थक शब्द क्या होगा ?** [1]

(A) अध्यापक व मतंग

(B) आचार्य व हस्ती

(C) शिक्षक व गज

(D) सभी सही हैं |

**(x) <u>महात्मा</u> शब्द का सही विलोम शब्द चुनिए |** [1]

(A) दुरात्मा

(B) देवात्मा

(C) सुआत्मा

(D) इनमें से कोई नहीं |

**Question -2** **[10]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार करिए -**

**(i) निम्नलिखित वाक्य का सरल-वाक्य चुनिए :-** [1]

**नवीन का सीढ़ी से पैर फिसल गया और उसके पैर में बहुत चोट आई।**

(A) जैसे ही नवीन सीढ़ी से फिसला, उसके पैर में बहुत चोट आ गई |

(B) नवीन का सीढ़ी से पैर फिसलने से उसके पैर में बहुत चोट आ गई ।

(C) क्योंकि नवीन का सीढ़ी से पैर फिसला इसलिए उसके पैर में चोट आ गई|

(D) नवीन के पैर में बहुत चोट आ गई क्योंकि वह सीढ़ी से फिसल गया था |

**(ii) <u>सरस्वती</u> शब्द का सही पर्यायवाची शब्द चुनिए |** [1]

(A) जननी

(B) इंद्रा

(C) दामिनी

(D) शारदा

**(iii) निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही विलोम शब्द चुनिए |** [1]

**इस वर्ष <u>अतिवृष्टि</u> ने फसल को चौपट किया है |**

(A) सूखे

(B) अनावृष्टि

(C) बाढ़

(D) ओलो

**(iv) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सही शब्द चुनिए |** [1]

VIBGYOR GROUP OF SCHOOLS

**जिसे बहुत ज्ञान प्राप्त हो ।**

(A) सर्वज्ञ

(B) बहुज्ञ

(C) अज्ञ

(D) अल्पज्ञ

**(v) निम्नलिखित मुहावरे का सही अर्थ चुनिए ।** [1]

**गागर में सागर होना**

(A) थोड़े शब्दों में अधिक कहना

(B) अधिक शब्दों में कम कहना

(C) गागर को जल से भरना

(D) जल से गागर को भरना

**(vi) निम्नलिखित वाक्य का सही कर्मवाच्य वाक्य चुनिए ।** [1]

लेखिका ने लेख लिखा।

(A) लेखिका से लेख लिखवाया गया ।

(B) लेख लेखिका ने लिखा ।

(C) लेखिका लेख रही है ।

(D) लेखिका द्वारा लेख लिखा गया ।

**(vii) नीचे लिखे वाक्य का लिंग और वचन बदलकर सही वाक्य का चयन करें।** [1]

**युवती कविता पढ़ रही है।**

(A) युवक कविताएँ पढ़ रहा है ।

(B) युवतियाँ कविताएँ पढ़ रही हैं ।

(C) युवक कविता पढ़ रहा है ।

(D) युवक कविताएँ पढ़ रहे हैं ।

**(viii) निम्नलिखित शब्दों के सही भाववाचक संज्ञा चुनिए |** [1]

**घबराना, प्रतिष्ठित**

(A) घबरा, प्रसिद्धि

(B) घबराहट , प्रतिष्ठा

(C) घबरा, प्रतिष्ठा

(D) इनमें से कोई नहीं

**(ix) निम्नलिखित वाक्यों में कोष्टक में दिए शब्दों के सही विशेषण चुनिए|** [1]

**दुर्घटना में चार मनुष्य .......... हो गए | (घाव)**

(A) घायल

(B) दुर्घटनाग्रस्त

(C) घुटित

(D) घाव युक्त

**(x) निम्नलिखित लिखे अशुद्ध शब्द का शुद्ध रूप चुनिए |** [1]

**आशिर्वाद**

(A) आशीरवाद

(B) आसिरवाद

(C) आशीर्वाद

(D) आसीर्वाद

**Section B (20 marks)**

**Attempt All questions from this section**

**साहित्य सागर एवं एकांकी संचय**

**Question -3** **[10]**

**साहित्य सागर**

**(i) रमजान के घर पहुँचने पर उससे रसीला के बारे में किसने पूछा था ?** [1]

(A) दासी ने

(B) जगत सिंह ने

(C) शेख सलीमुद्दीन ने

(D) इनमें से कोई नहीं

**(ii) रसीला को जगतसिंह ने मिठाई लाने के लिए कितने पैसे दिए थे ?** [1]

(A) अठन्नी

(B) एक रुपया

(C) पाँच रुपए

(D) सौ रुपए

**(iii) रिश्वत का समानार्थी शब्द क्या है ?** [1]

(A) वेतन

(B) घूस

(C) पेशगी

(D) तनख्वाह

**(iv) किसका लड़का श्याम् का समवयस्क साथी था ?** [1]

(A) दुलारी दासी

(B) मुनिया दासी

(C) दुछिया दासी

(D) सुखिया दासी

**(v) श्याम् किससे चिट लिखवाना चाहता था ?** [1]

(A) भोला

(B) जवाहर

(C) मनोहर

(D) जीजी

**(vi) वर्षा के अनंतर एक दो दिन में पृथ्वी का पानी ... हो जाता है |** [1]

(A) अगोचर

(B) अंतर्ध्यान

(C) गायब

(D) लुप्त

**(vii) मोतीलाल जी हाई स्कूल में किस विषय के अध्यापक थे |** [1]

(A) मोतीलाल जी एक चित्रकार थे |

(B) मोतीलाल जी एक मूर्तिकार थे |

(C) मोतीलाल जी एक शिल्पकार थे |

(D) इनमें से कोई नहीं |

**(viii) पाठ 'नेता जी चश्मा' के लेखक का नाम चुनिए|** [1]

(A) जैनेन्द्र कुमार

(B) स्वयं प्रकाश

(C) सुदर्शन

(D) सियाराम शरण गुप्त

**(ix) " संकट में हूँ और एक यज्ञ आपके हाथ बेचने आया हूँ| "** [1]

**श्रोता और वक्ता कौन है?**

(A) धन्ना सेठ श्रोता और धनी सेठ वक्ता

(B) धनी सेठ श्रोता और धन्ना सेठ वक्ता

(C) धनी सेठ की पत्नी श्रोता धन्ना सेठ वक्ता

(D) धन्ना सेठ की पत्नी श्रोता धनी सेठ की पत्नी वक्ता

**(x) कहानी के अनुसार महायज्ञ क्या है ?** [1]

(A) निस्वार्थ भाव से दूसरों की मदद करना |

(B) स्वयं मुसीबत में रहकर दूसरों की मदद करना |

(C) ईश्वर के आगे हवन पाठ करना |

(D) दूसरों को भोजन कराना |

**Question -4** **[10]**

## एकांकी संचय

**(i) पाठ 'संस्कार और भावना' की प्रमुख पात्रा माँ की चारित्रिक विशेषता क्या थीं ?** [1]

(A) वह रूढ़िवादी विचारधारा की थीं |

(B) वह संक्रांति काल की नारी थीं |

(C) वह जातिवाद में विश्वास रखती थीं |

(D) सभी सही हैं |

**(ii) संस्कार और भावना' एकांकी का उद्देश्य क्या है ?** [1]

(A) अपने देश के संस्कारों को भूल जाना |

(B) रूढ़िवादी विचारों की दासता से मुक्त होना|

(C) संस्कारों की जंजीरों में बँधे रहना |

(D) अपनी भावनाओ को प्राथमिकता न देना |

**(iii) अतुल के चरित्र चित्रण में कौन-सी विशेषता नहीं पाई जाती ?** [1]

(A) अतुल एक पढ़ा -लिखा व्यकित था |

(B) अतुल एक आधुनिक विचारों वाला व्यकित था |

(C) अतुल एक आदर्श पति,आज्ञाकारी पुत्र था |

(D) अतुल अपनी माँ के विचारों से सदा सहमत रहता था |

**(iv) 'बहू की विदा 'एकांकी में बहू कौन है ?** [1]

(A) रमेश की पत्नी

(B) जीवनलाल की पत्नी

(C) प्रमोद की पत्नी

(D) गौरी

**(v)** **'बहू की विदा 'एकांकी में समाज की किस समस्या को उजागर किया गया है ?** [1]

(A) भ्रष्टाचार

(B) रिश्वतखोरी

(C) दहेजप्रथा

(D) चोरबाज़ारी

**(vi)** **जीवनलाल ने प्रमोद से चोट के मरहम की क्या कीमत लगाई थी ?** [1]

(A) पाँच हज़ार रुपए

(B) दस हज़ार रुपए

(C) पंद्रह हज़ार रुपए

(D) बीस हज़ार रुपए

**(vii)** **'मातृभूमि का मान' एकांकी में रणक्षेत्र कहाँ बना था ?** [1]

(A) नीमरा के मैदान में

(B) नीमारा के मैदान में

(C) पानीपत के मैदान मे

(D) कुरुक्षेत्र के मैदान में

**(viii)** बूँदी का नकली दुर्ग बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ी ? [1]

(A) महाराव हेमू को सम्मान देने के लिए |

(B) महाराव हेमू को नीचा दिखाने के लिए |

(C) महाराणा की प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए |

(D) बूँदी राज्य को सबक सिखाने के लिए |

**(ix) निम्नलिखित वाक्यों में से कौन -सा वाक्य वीरसिंह के लिए सही नहीं है ?** [1]

(A) वीरसिंह मेवाड़ की सेना का सैनिक था |

(B) वीरसिंह की मातृभूमि बूँदी थी |

(C) वीरसिंह एक सच्चा देशभक्त और पराक्रमी सैनिक था |

(D) वीरसिंह मेवाड़ का सेनापति था |

**(x) पृथक व व्याघात शब्दों का क्रम के अनुरूप सही अर्थ चुनिए।** [1]

(A) अलग व रुकावट

(B) दुखी व चोट

(C) चोट व रुकावट

(D) रुकावट व दुखी

* * * * *